INDIAN SCHOOL SOHAR **SET 2**

PERIODIC TEST - 2 (2023-24)

CLASS : VIII **MAX.MARKS : 20**

DATE :17/01/24 **DURATION: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं।
(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य हैं।
(iii) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5)

इस जिले में साइकिल की धूम मची हुई है। इसकी प्रशंसकों में हैं-महिला खेतिहर मजदूर, पत्थर खदानों में मज़दूरी करने वाली औरतें और गाँवों में काम करने वाली नर्सें । बालवाड़ी और आँगनवाड़ी कार्यकत्री , बेशकीमती पत्थरों को तराशने में लगी औरतें और स्कूल की अध्यापिकाएँ भी साइकिल का जमकर इस्तेमाल कर रही हैं। ग्राम सेविकाएँ और दोपहर का भोजन पहुँचाने वाली औरतें भी पीछे नहीं हैं। सबसे बड़ी संख्या उनकी है जो अभी नवसाक्षर हुई हैं। जिस किसी नवसाक्षर अथवा नयी-नयी साइकिल चलाने वाली महिला से मैंने बातचीत की, उसने साइकिल चलाने और अपनी व्यक्तिगत आजादी के बीच एक सीधा संबंध बताया।

(ii) किस प्रकार की महिलाएँ साइकिल का प्रयोग करने में पीछे नहीं हैं ? सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) घर में रहने वाली औरतें
(ख) ग्राम सेविकाएँ, दोपहर का भोजन पहुँचाने वाली
(ग) विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाली महिलाएँ
(घ) जिले में काम करने वाली अधिकारी

(ii) खेतिहर मजदूर का अर्थ............... है। सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) किसान
(ख) ज़मीदार
(ग) खेत में काम करने वाला मजदूर
(घ) खेती का हरण करने वाला

(iii) साइकिल की प्रशंसकों में कौन-कौन हैं ?

(iv) नई-नई साइकिल चलाने वाली महिला ने क्या कहा ?

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए : (1×5)

(i) .... लोकोक्ति का अर्थ है -अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।

(क) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता
(ख) ऊँची दूकान , फ़ीका पकवान
(ग) अंधेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी टका सेर खाजा
(घ) ओखली में सेर दिया तो मूसल से क्या डरना।

(ii) पाँचों ....बराबर न होना। रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) उँगलियाँ (ख) हाथ (ग) बातें (घ) उँगली

(iii) चोर की दाढ़ी में तिनका का अर्थ है :

(क)दोषी स्वयं डरता है। (ग) दोषी नहीं डरता है।

(ख) दोषी खुश होता है। (घ) दोषी स्वयं डराता है।

(iv) कनक-कनक ते सौगुनी, मादकता अधिकाय - में कौन सा अलंकार है ?

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार (घ) अतिश्योक्ति अलंकार

(v) सजल नीरद-सी कल कांति थी - किस अलंकार का उदाहरण है ?

(क) यमक अलंकार (ख) अनुप्रास अलंकार (ग) श्लेष अलंकार (घ) उपमा अलंकार

प्रश्न 3 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2×3)

(i) बिलवासी जी ने अपने मित्र की सहायता कैसे की ?

(ii) लाला झाऊलाल की पत्नी ने एक दिन उनसे क्या कहा ,उन्होंने अपनी व्यथा किसे सुनाई ?

(iii) पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए ?

(iv) किस गाँव में सभी साइकिल सीखने वाली महिलाएँ किस दिन इकट्ठी हुई थीं ?

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (3)

(i) ईज़ाद (ii) पारसाल (iii) यकीन

प्रश्न 5 . निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (2)

(i) बिक्री (ii) प्रतिष्ठा

....